जल-अग्निभय विनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
ब्रह्मा विष्णु शिव शंकर, लोकवर्ति सारे हरि हर।
कामदेव ने विजय किए, अपने वश में सभी किए।।
काम-जयी हे शिव शंकर, केवलज्ञानी तीर्थंकर।
क्षण में उसे विनाश किए, पूर्ण रूप से नाश किए।।
यह कोई आश्चर्य नहीं, तुम सम ब्रह्मा कहीं नहीं।
पानी आग बुझाता है, शांत उसे कर पाता है।।
ज्यों बड़वानल के द्वारा, भरा हुआ सागर सारा।
क्या जलने न पाता है ? वाष्प बना उड़ जाता है।।११।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

अग्निभय विनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
हे जिनेन्द्र! महिमा धारी, है आश्चर्य बड़ा भारी।
तुम गौरव के धारी हो, सर्व लोक में भारी हो।।
उर में जो धारण करते, भव सागर से वह तिरते।
अति लाघव के धारी भी, रहे अधिक गुणकारी भी।।

शीघ्र पार हो जाते हैं, डूब नहीं वह पाते हैं।
महापुरुष शक्ति धारी, अतिशय महिमा है भारी।।
चिन्तन करने योग्य कहीं, विस्मय करने योग्य वहीं।
भव्य जीव श्रद्धा करते, मन को आकर्षित करते।।१२।।
हम कल्याण मंदिर स्रोत की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

जल मिष्ठता कारक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
विजय क्रोध पर है पाई, प्रभो आपकी प्रभुताई।
उसका पूर्ण विनाश किया, क्षमा भाव में वास किया।।
कर्म चोर का हे भगवन्!, फिर कैसे कर दिया हनन।
है भारी आश्चर्य अहो, यह सब कैसे हुआ कहो।।
ठीक यही होता भाई, महिमा प्रभु ने दिखलाई।
नील वृक्ष वाला जंगल, देखा जाता है मंगल।।
ठंडी बर्फ कहाती है, फिर भी उसे जलाती है।
महिमा श्रेष्ठ तुम्हारी है, अतिशय विस्मयकारी है।।१३।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

शत्रु स्नेह जनक

पार्श्वनाथ दुःखकारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
नित्य निरन्तर हे जिनवर, योग धारकर योगीश्वर।
तुम परमात्म स्वरूप कहे, तीन लोक में श्रेष्ठ रहे।।

हृदय कमल के मध्य प्रभो!, तुम्हें खोजते नित्य विभो!
माना हृदय हमारा है, पर स्थान तुम्हारा है।।
कहते प्राणी ठीक सभी, हमने जाना ठीक अभी।
निर्मल कांती वाले हैं, बीज श्रेष्ठ रंग वाले हैं।।
कमलों में स्थान रहा, ठीक कर्णिका मध्य कहा।
हो सकता क्या और कहीं, आप कहेंगे कहीं नहीं।।१४।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

चोरी का गत द्रव्यदायक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
हे जिनेन्द्र! महिमा धारी, सर्व जगत् मंगलकारी।
जो भी तुमको ध्याता है, भाव सहित गुण गाता है।।
क्षण में संसारी प्राणी, बन जाता केवल ज्ञानी।
देह छोड़कर जाता है, परमातम बन जाता है।।
धातु उपल जैसे भाई, अग्नि की संगति पाई।
उपल रूप न रहता है, पत्थर कोई न कहता है।।
लोक में देखा जाता है, स्वर्ण रूप को पाता है।
जग के प्राणी भी वैसे, हो जाते जिनवर जैसे।।१५।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

गहन वन-पर्वतभय विनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
भव्य प्राणियों के द्वारा, हे जिनेन्द्र! तुमको प्यारा।
जिस शरीर के मध्य कभी, ध्याया करते नित्य सभी।।

उस शरीर को भी हरते, कैसे नष्ट किया करते।
नहीं समझ में आता है, क्या यह तुमको भाता है।।
वस्तु स्वरूप रहा ऐसा, हो माध्यस्थ भाव वैसा।
महापुरुष की कौन कहे, उनके यह स्वभाव रहे।।
विग्रह पूर्ण नशाते हैं, जरा नहीं सकुचाते हैं।
तभी श्रेष्ठ कहलाते हैं, सबसे पूजे जाते हैं।।१६।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

युद्ध विग्रह विनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
हे जिनेन्द्र! सारे जग में, लगे हुए भक्ति मग में।
बुद्धीमानों के द्वारा, चिन्तन होता है प्यारा।।
जो अभेद बुद्धि वाले, ध्याते होकर मतवाले।
यह संसारी प्राणी भी, होते आप समान सभी।।
कहा ठीक अमृत जैसे, चिन्तन करने से वैसे।
पानी भी क्या मित्र अरे!, विष विकार न दूर करे।।
निश्चय से विष हरता है, स्वस्थ पूर्णतः करता है।
भक्ति का फल यही कहा, सर्वलोक में श्रेष्ठ रहा।।१७।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

सर्प विष विनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
निश्चय से मेरे भगवन्, जग के सब परवादी जन।
मोह तिमिर खोने वाले, सद्धर्मी होने वाले।।

हरि हर आदि मान रहे, भिन्न रूप पहचान रहे।
तुमको पूजा करते हैं, चरणों में सिर धरते हैं।।
कांच काम्बला का रोगी, इन्द्रिय विषयों का भोगी।
श्वेत शंख क्या न जाने, विविध वर्ण क्या न माने।
भिन्न रंग का मान रहा, उल्टा उसको ज्ञान रहा।।
ऐसे कई देखे जाते, सत्य समझने न पाते।।१८।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

नेत्र रोग विनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरों।।
जिनवाणी जिन गाते हैं, धर्मोपदेश सुनाते हैं।
समय कहा अतिशयकारी, हो प्रभाव विस्मयकारी।।
नर की चर्चा दूर रही, मानो तुम यह बात सही।
शोक रहित तरु हो जाते, वह अशोक संज्ञा पाते।।
सूर्योदय हो जाने से, निज प्रभाव दिखलाने से।
वृक्ष सहित क्या जीव कभी, बोध प्राप्त न करें सभी।।
पावन ज्ञान जगाते हैं, सारे खुश हो जाते हैं।
महिमा यह जिनवर की है, न होती हर नर में है।।१९।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

उच्चाटन मोचक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
जिनवर का सानिध्य जहाँ, होते हैं आश्चर्य वहाँ।
जहाँ कोई व्यवधान नहीं, न ही बाधा रहे कहीं।।

देव कई मिलकर आते, पुष्प वृष्टि कर हर्षाते।
नीचे को डण्ठल करके, क्यों गिरते खुश हो करके।।
मानो वह सूचित करते, अपना सब कल्मष हरते।
जिनवर का सानिध्य मिले, पाने से सौभाग्य खिले।।
भव्य प्राणियों के द्वारा, कर्मों का बन्धन सारा।
नीचे सदा किया जाता, ऊपर को न रह पाता।।२०।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

शुष्क वनोपवन विनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
हे जिनेन्द्र! बहु गुण धारी, जन-जन के तुम उपकारी।
गुण रत्नों के रत्नाकर, तव गंभीर हृदय सागर।।
उससे उत्थित वाणी है, अमृतमय जिनवाणी है।
दिव्य ध्वनि कहलाती है, मोक्ष मार्ग दर्शाती है।।
जो मानव श्रद्धान करे, कर्णाञ्जलि से पात्र भरे।
परमानन्दी हो जाते, निज स्वरूप में खो जाते।।
भव्य जीव जो होते हैं, कर्म कालिमा खोते हैं।
अजर अमर पद पाते हैं, मोक्ष महल को जाते हैं।।२१।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

मधुर फल प्रदायक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।

हे जिनेन्द्र! मैं जान रहा, ऐसा ही कुछ मान रहा।
नीचे बहुत दूर जाते, पूर्ण नम्रता को पाते।।
फिर ऊपर को जाते हैं, उज्ज्वलता दिखलाते हैं।
मिलकर चौसठ चँवर महा, देव ढौरते श्रेष्ठ अहा।।
चँवर बोलते हैं मानो, सत्य यही तुम पहिचानो।
मुनि पुंगव के पद आते, प्राणी पद में झुक जाते।।
शुद्ध भाव धरने वाले, ऊर्ध्व गमन करने वाले।
निश्चिय से हो जाते हैं, शिव पदवी को पाते हैं।।२२।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

राज्य सम्मान दायक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।

(चाल टप्पा)

स्वर्ण रचित रत्नों से सज्जित, सिंहासन भाई।
अधर विराजे उसके ऊपर, श्री जिन सुखदाई।।
दिव्य ध्वनि खिरती है पावन, जग मंगलकारी।
श्रेष्ठ साँवला तन दिखता है, शुभ अतिशयकारी।।
स्वर्णगिरि मेरू पर काले, मेघ नये जानो।
वर्षा ऋतु में करें गर्जना, मस्त हुए मानो।।
मेघों को उत्सुक होकर ज्यों, देखें श्रेष्ठ मयूर।
भव्य जीव तव दर्शन करके, करते कल्मष दूर।।२३।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

शत्रु विजय राज्य प्रदायक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।

(चाल टप्पा)

हे जिनेन्द्र! तव भामण्डल शुभ, कान्ती मान रहा।
है अतिशय दैदीप्यमान जो, अनुपम श्रेष्ठ कहा।।
तरु अशोक के पत्र शीघ्र ही, कान्ति हीन होते।
भामण्डल की प्रभा के आगे, शोभा को खोते।।
फिर ऐसा है कौन सचेतन, सारे इस जग में।
श्रद्धा धारण करके बढ़ता, हो मुक्ति मग में।।
ध्यान आपका करने वाला, ज्ञानी बन जाता।
वीतरागता धारण करके, मुक्ति पद पाता।।२४।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

असाध्य रोग शामक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।

(चाल टप्पा)

मोक्षपुरी के अनुपम वाहक, आप रहे भगवन्।
देव दुन्दुभि से गूँजा है, धरती और गगन।।
बजता हुआ नगाड़ा मानो, सबसे बोल रहा।
तीन लोकवर्ती जीवों से, मानो यही कहा।।
जोर शोर से बोल रहा हूँ, रे! जग के प्राणी।
तुम प्रमाद को शीघ्र छोड़ दो, करो न मन मानी।।

पार्श्वनाथ के चरण कमल की, सेवा नित्य करो।
विशद ज्ञान के द्वारा अपने, सारे कर्म हरो।।२५।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

वचन सिद्धि प्रतिष्ठायक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।

(चाल टप्पा)

तीन लोक को किया प्रकाशित, तुमने हे भगवन्!
तेज पुञ्ज तव है अपूर्व शुभ, कहता है जन-जन।।
सूर्य गगन में श्रेष्ठ चमकता, जग प्रकाश होवे।
प्रभो! आपके आगे वह भी, निज कांती खोवे।।
इच्छा कर अधिकार स्वयं का, ज्यों पाने आया।
तीन छत्र का भेष बनाकर, करता है छाया।।
चमक रहे मोती छत्रों में, नभ में ज्यों तारे।
संख्यातीत रहे तारागण, हैं प्यारे-प्यारे।।२६।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

वैर विरोध विनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।

(चाल टप्पा)

तीन लोक का पिण्ड आप से, पूर्ण किया जाना।
हे स्वामी! तव रहा ज्ञान में, कुछ न अन्जाना।।

नाथ आपकी अनुपम कांति, है प्रताप भारी।
चतुर्दिशा में यश फैला है, शुभ मंगलकारी।।
उसी तरह माणिक्य स्वर्ण अरु, शुभ रवि के द्वारा।
निर्मित परकोटे से सज्जित, समवशरण सारा।।
चारों ओर से अनुपम शोभित, होता है भाई।
महिमा तीन लोक के प्रभुवर, की है प्रभुताई।।२७।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

यशः कीर्ति प्रसारक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - स्वर्ग से आए देव, उनके मुकटों की मणी।
पूजनीय जिनदेव, दिव्य पुष्प माला सहित।।

(चौपाई मिश्रित गीता छन्द)

इन्द्र यहाँ पूजा को आते, विनय सहित चरणों झुक जाते।
उनके मुकुटों की शुभ मणियाँ, रत्न जड़ित उत्तम शुभ लड़ियाँ।।
लड़ियाँ शुभम् सब छोड़कर के, देव आते हैं यहाँ।
आश्रय चरण का प्राप्त करके, शरण में आके महाँ।।
प्राणी सु मन वाले सदा ही, रमण करते तव चरण।
हैं अन्य मिथ्या देव के, स्थान न करते वरण।।२८।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

आकर्षण कारक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।

सोरठा - करते पार सदैव, निज अनुयायी भक्त को।
तीर्थंकर जिनदेव, भव सिन्धु से विमुख जो।।
(चौपाई मिश्रित गीता छन्द)
भरा हुआ सागर का पानी, उसमें से इस जग के प्राणी।
पक्व घड़ा को उलटा करते, उससे सागर पार उतरते।।
पाते हैं प्राणी पार भव से , प्राप्त कर प्रभु की शरण।
अत एव जिनवर कहे जाते, जगत् में तारण-तरण।।
जिन रहित कर्म विपाक से हो, पार करते यह जहाँ।
घट सहित श्रेष्ठ विपाक से हो, पार करते हैं अहा।।२६।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

असंभव कार्यसाधक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - जग पालक जिनदेव, तीन लोक के नाथ हो।
हम क्यों रहें सदैव, निर्धन के निर्धन सदा।।
(चौपाई मिश्रित गीता छन्द)
तुम अक्षर स्वभाव के धारी, लेखन क्रिया रहित अविकारी।
क्यों कहलाते हो तुम स्वामी, मोक्ष मार्ग के हे अनुगामी!।।
शुभ मोक्ष मारग के रहे तुम, श्रेष्ठ अनुगामी प्रभो!।
अक्षर स्वाभावी नाथ हो फिर, लिपि रहित हो क्यों विभो!।।
अज्ञान के धारी कथंचित्, तुम कहे जग में अहा।
सब ही चराचर वस्तुओं का, ज्ञान है तुमको महा।।३०।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

शुभाशुभ प्रश्न दर्शक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - पूर्वोपार्जित दोष, के कारण से हे प्रभो!।
हुआ काल के दोष, यह उपसर्ग जिनेन्द्र को।।
(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)
क्रूर कमठ ने धूल उड़ाई, अतिशय रोष दिखाया भाई।
धूली कुछ भी न कर पाई, प्रभु के मन में समता आई।।
ढकने न पाई धूल तन का, स्पर्श भी न कर सकी।
है बात तन की दूर भाई, जो छाया भी न ढक सकी।।
होकर हताश कमठ स्वयं ही, धूल में फिर मिल गया।
तब मान का मर्दन हुआ, अन्तर हृदय से हिल गया।।३१।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

दुष्टता प्रतिरोधी

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - महाबली हे नाथ!, समता धारी आप हो।
झुका दिया है माथ, क्रूर कमठ ने चरण में।।
(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)
कमठ क्रूर होकर के भारी, तीव्र भयंकर गर्जनकारी।
काले-काले मेघ बनाए, धार मूसला सी वर्षाए।।
गर्जाए भारी मेघ वर्षा, भी न हानि कर सकी।
कर्मों से आतम कमठ की हो, तीव्रता से भी ढकी।।

घाव सम तलवार जैसा, कृत्य खोटा कर लिया।
अपराध का यह बोझ अपने, शीश पर भी धर लिया।।३२।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

उल्कापातातिवृष्ट्यनावृष्टि निरोधक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - विजयी हे उपसर्ग, ध्यान मग्न मेरे प्रभो!।
पाया है अपवर्ग, कर्म नाश कर आपने।।

(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)

इधर-उधर बिखरे थे भारी, ऊपर केश उठे भयकारी।
नर मुण्डों की माला धारी, मुख से निकल रही चिन्गारी।।
मुख से निकलती आग जिनके, क्रूर कर्मा थे सभी।
प्रेरित किए उपसर्ग हेतु, कुछ न कर पाए कभी।।
भव-भव में दुःख के हेतु, कर्मों का किया बन्धन महाँ।
संसार का कारण बनाया, कमठ ने अतिशय वहाँ।।३३।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

भूत पिशाच पीड़ा तथा शत्रु भयनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - तीन लोक के नाथ!, वे सब प्राणी धन्य हैं।
चरण झुकाते माथ, प्रभु चरणों में भाव से।।

(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)

कार्य सभी संसारी छोड़े, चिन्ताओं से मुख जो मोड़े।
तन मन से रोमाचिंत होकर, भक्ति भाव से सुधबुध खोकर।।
खोकर के सुध-बुध भक्ति से, प्रेरित हुए जो जीव हैं।
करते हैं संचय पुण्य का, कल्याणकारी अतीव हैं।।
दोनों चरण की कर रहे, आराधन जो भाव से।
वे धन्य प्राणी मुक्त होते, भक्ति रूपी नाव से।।३४।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

मृगी उन्माद अपस्मार विनाशक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - मुनी वृन्द में श्रेष्ठ, हे मुनीश! तुम हो परम।
पाए धर्म यथेष्ठ, संयम तप को धारकर।।

(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)

मैंने ऐसा माना भाई, भव सागर की थाह ना पाई।
नहीं कर्ण गोचर हो पाए, तुमको जान नहीं हम पाए।।
जाना नहीं है आपके शुभ, नाम रूपी मंत्र को।
अत एव जग में घूमता हूँ, नाथ मैं परतंत्र हो।।
तव नाम रूपी मंत्र सुनकर, विपद रूपी नागिनी।
क्या पास आकर न पड़ेगी, क्षमा उसको मांगिनी।।३५।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

सर्व वशीकरण

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - माना यही मुनीश, भव भवान्तर में कभी।
जगती पति जगदीश, तुमको जाना है नहीं।।

(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)

इच्छित फल को देने वाली, श्री जिनेन्द्र की वैभवशाली।
चरण युगल की पूजा भाई, तीन लोक में है सुखदायी।।
सुखदायी पूजा प्रभु की शुभ, नहीं की हमने कभी।
अत एव स्वामी लोकवर्ती, आपदाएँ जो सभी।।
झकझोरती हैं चित्त को, उनका बना स्थान मैं।
हे नाथ! मेरा चित्त, लग जाए प्रभु के ध्यान में।।३६।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

सकल कष्ट निवारक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - निश्चय हे भगवान, मोह तिमिर से अंध हो।
होकर के अज्ञान, भटक रहा संसार में।।

(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)

पहले कभी न मेरे द्वारा, अवलोकन न हुआ तुम्हारा।
भाव सहित न दर्शन कीन्हे, व्यर्थ जन्म अपने कर लीन्हें।।
कर लिए अपने व्यर्थ सारे, जन्म जो पाए सभी।
न दर्श करने की सुधी, मन में मेरे आयी कभी।।

मम कर्म बन्धन की गति का, उदय भाई चल रहा।
ये मर्म भेदी जन्म मृत्यु, जरा दुःख जो फल रहा।।३७।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

असह्य कष्ट निवारक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - सुना आपका नाम, दर्शन भी मैंने किए।
चरणों किया प्रणाम, पूजा भी करता रहा।।

(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)

बना रहा हरदम अज्ञानी, नाथ आपकी कही न मानी।
निश्चय से न मेरे द्वारा, तुमको हृदय में कभी उतारा।।
तुमको हृदय में नहीं धारा, इसलिए संसार में।
मैं दुःख का भाजन हुआ हूँ, पड़ा भव मझधार में।।
हे स्वजन बान्धव भाव शून्य, क्रिया कोई भी कभी।
क्योंकि फलदायी न होती, व्यर्थ ही जाती सभी।।३८।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

सर्व ज्वर शामक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - हे स्वामी! मुनिनाथ, दुखी जनो के बान्धव।
नाथ हमें दो साथ, शरण ग्रहण के योग्य हे!।।

(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)

करुण रूप हे करूणाधारी!, हो स्थान पुण्य के भारी।
मुनियों में तुम श्रेष्ठ कहाए, हे महेश! महिमा दिखलाए।।

श्रेष्ठ हो तुम लोक में प्रभु, योग्य भक्ति के रहे।
अत एव प्रभु योगीन्द्र तव, प्रतिपाल इस जग में कहे।।
हम नमन करते चरण में प्रभु, शरण अपनी लीजिए।
दुःखों के अंकुर जो लगे हैं, नाश उनका कीजिए।।३६।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

विषम ज्वर विघातक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - तीन लोक को नाथ, पावन करते आप हो।
चरण झुकाते माथ, भव्य जीव तव चरण में।।

(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)

अशरण के तुम शरण कहाते, प्राणी शरणागत बन आते।
प्रतिपालक हो कर्म विजेता, मोक्ष मार्ग के अनुपम नेता।।
नेता हो अनुपम मोक्ष के तुम, ख्यात महिमा है प्रभो!।
तव चरण कमलों की शरण को, पा गया हूँ मैं विभो!।।
यदि आपके गुण का मनन, चिंतन नहीं जो कर सके।
फिर हम सरीखे जो अभागे, मौत उनको आ ढके।।४०।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

अस्त्र शस्त्र विघातक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
सोरठा - जग तारक भगवान, देवेन्द्रों से पूज्य हो।
करूँ विशद गुणगान, मन वच तन त्रय योग से।।

(चौपाई मिश्रित गीताछन्द)

जिसने सब वस्तु का सार, जान लिया है अपरम्पार।
जो हैं मोक्ष महल के द्वार, सर्व जगत् में मंगलकार।।
मंगल कहे हैं सर्व जग में, जो त्रिलोकी नाथ हैं।
उनके चरण में हम सभी के, झुक रहे यह माथ हैं।।
भयकार दुख का है सरोवर, नाथ रक्षा कीजिए।
मैं हूँ अपावन नाथ मुझको, अब शरण में लीजिए।।४१।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

स्त्री सम्बंधी समस्त रोग शामक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
नाथ शरण तेरी अनुपम, नाशनहारी सारे गम।
चरणाम्बुज की शुभ भक्ति, करके मैंने भी युक्ति।।
मैंने संचित की हरदम, भाव हुए मेरे उपशम।
उसके फल से हे भगवन्!, मिले आपकी मुझे शरण।।
आश्रय दाता हे भगवन्! करते हम चरणों वन्दन।
इस भव के भी साथ प्रभो!, बनना तुम मम् नाथ विभो!।।
यही भावना है स्वामी, हे मेरे अन्तर्यामी!।
विनती मम स्वीकार करो, मेरे सारे कष्ट हरो।।४२।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

सर्वबन्धन मोचक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।

हे जिनेन्द्र! मेरे भगवन्, बार-बार मेरा वन्दन।
सावधान बुद्धी वाले, तव चरणों के रखवाले।।
निर्मल है तव बिम्ब अहा, अविकारी मुख कमल रहा।
जिसने लक्ष्य बनाया है, पावन दर्शन पाया है।।
भव्य जीव उल्लास भरे, पुलकित जिनका गात अरे!।
हे स्वामी! ऐसे प्राणी, पावन है जिनकी वाणी।।
विधिवत संस्तव रचते हैं, नाम आपका भजते हैं।
हो जाए कल्याण अरे!, भाव सहित गुणगान करे।।४३।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

वैभव वर्धक

पार्श्वनाथ दुःखहारी हैं, जग में मंगलकारी हैं।
प्रभु की जय जयकार करो, विशद चरण में शीश धरो।।
नयन रूप कुमुदों वाले, जग के प्राणी मतवाले।
तुम हो चन्द्र समान प्रभो!, देते हो आनन्द विभो!।।
रचता जो स्तोत्र महा, उसका यह सौभाग्य रहा।
प्रभावान हो जाता है, स्वर्ग संपदा पाता है।।
फिर कर्मों का नाश करे, सारे भोग विलास करे।
शीघ्र शुभम् फल पाते हैं, मोक्ष महल को जाते हैं।।
ऐसा उत्तम कार्य करे, बन जाते हैं सिद्ध अरे!।
विशद सौख्य वह पाते हैं, लौट नहीं फिर आते हैं।।४४।।
हम कल्याण मंदिर स्तोत्र की, अनुपम गाथा गाते हैं।
पार्श्वनाथ के चरण कमल में, सादर शीश झुकाते हैं।।

आचार्य श्री विशदसागर जी महाराज की पूजन

स्थापना

श्री नाथूराम तनुजं शुभमिष्ट कारिं।
इन्द्रर सुतं मनुज नाग सुरेश वंद्यं।।
यस्योपदेश वशताः सुखता नरस्य।
वंदामि पाद पद्मं विशदं मुनीशं।।

ॐ ह्रूं प.पू.आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं। पुष्पांजलिं क्षिपेत्

मलय जात सुगंधित सारया, हिम सुशीतल वारि सुधारया।
विशदसिंधु गुरुवर गण नायकान्, प्रवियजे सद् द्रव्य समर्चितान्।।1।।

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं निर्व. स्वाहा।

हिम करै रिव ताप विघातनैस्, तुहिन कुंकुंम मिश्रित चंदनैस्।
विशदसिंधु गुरुवर गण नायकान्, प्रवियजे सद् द्रव्य समर्चितान्।।2।।

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय संसारताप विनाशनाय चंदनं निर्व. स्वाहा।

सुरभि शील समुद्भव तण्डुलैः, रलिकुला कलितै रति निर्मलैः।
विशदसिंधु गुरुवर गण नायकान्, प्रवियजे सद् द्रव्य समर्चितान्।।3।।

ॐ ह्रूं प.पू.आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतान् निर्व. स्वाहा।

वकुल चंपक पाटल मालती, कुमुद केतक कुंद सुपुष्पकैः।
विशद सिंधु गुरुवर गण नायकान्, प्रवियजे सद् द्रव्य समर्चितान्।।4।।

ॐ ह्रूं प.पू.आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय कामबाण विध्वंशनाय पुष्पं निर्व. स्वाहा।

वटक मण्डक मोदक पुष्पकैः, सरस घेवर मुख्य चरुत्तमैः।
विशदसिंधु गुरुवर गण नायकान्, प्रवियजे सद् द्रव्य समर्चितान्।।5।।

ॐ ह्रूं प.पू.आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय क्षुधा रोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्व. स्वाहा।

विमल केवल बोध विनाशकै, रुचिर रत्न घृतादि सुदीपकैः।
विशदसिंधु गुरुवर गण नायकान्, प्रवियजे सद् द्रव्य समर्चितान्।।6।।

ॐ ह्रूं प.पू.आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय मोहांधकार विनाशनाय दीपं निर्व. स्वाहा।

नयन नाशिक शर्म्म विधायकै-रगुरु रोहणि वृक्षज धूपकैः।
विशदसिंधु गुरुवर गण नायकान्, प्रवियजे सद् द्रव्य समर्चितान्।।7।।

ॐ ह्रूं प.पू.आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय अष्टकर्म विनाशनाय धूपं निर्व. स्वाहा।

मधुर बंधु रसाल तरुद्भवैः, क्रमुक मोचक आम्र फलोत्तमैः।
विशदसिंधु गुरुवर गण नायकान्, प्रवियजे सद् द्रव्य समर्चितान्।।8।।

ॐ ह्रूं प.पू.आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय मोक्षफल प्राप्ताय फलं निर्व. स्वाहा।

जल सुचंदन तंदुल पुष्पकैः, चरु सुदीपक धूप फलार्घ्यकैः।
कनक पात्र गतार्घ-महं-मुदा, सुमति कीर्ति-रहं प्रयजे सदा।।9।।

ॐ ह्रूं प.पू.आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्ताय अर्घ्यं निर्व. स्वाहा।

इत्यमीभि समाराध्य, पूजा द्रव्यं श्रुतं वरं।
भव संताप विच्छेदा, शांति धारा विधीयते।।
शांत्ये शांति शांतीधारा
द्वादशांगोगिनीं भास्वद्, रत्नत्रय विभूषणां।
सर्व भाषात्मकं स्वच्छ, गुरु पद-मुपास्महे।।

पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

जयमाला

विशुद्ध बुद्धिक पयोधि चन्द्रं, प्रबोधसूर्यं विशदं मुनीन्द्रं।
सम्यक्त्व ज्ञानं महासमुद्रं, महामि आचार्य गुरुं सुरेन्द्रं।।

छंद- बसंततिलका

संसार सागर निमज्जद-पूर्व नौका ।
सिद्धौषधिर् विविध पाप विनाशने यः।।

निःशेष लब्धि बल बोध तरोश्च बीजं।
आचार्य वर्य गुरुवर विशदं मुनीन्द्रः।।1।।
सूर्यः सहस्रः किरणैर् हरित तमांसिः।
सिंहो यथा गज गणाश्च नखैर् निहन्ति।।
संसार वर्ति दुरितानि तथैव मूर्ति।
आचार्य वर्य गुरुवर विशदं मुनीन्द्रः।।2।।
यः सर्व दुःख दलने किल कल्पवृक्षः।
चिंतामणिः शुभ मनोरथ पूरणे सः।।
कंदर्प-दर्प दहनैक विधौ दवाग्निः।
आचार्य वर्य गुरुवर विशदं मुनीन्द्रः।।3।।
पद्मा करे रुचिर रश्मि-रिवौषधीशः।
शीघ्रं प्रबोधयति निद्रित-कैरवाणि।।
अंतः सुषुप्त गुण पद्म दलानि चैवं।
आचार्य वर्य गुरुवर विशदं मुनीन्द्रः।।4।।
भक्त्या दधाति हृदि यो ननु मंत्र राजं।
दिव्यां गतिं व्रजति नूतन मुक्ति मोदं।।
चूर्णी करोति भव संचित कर्म शैलं।
आचार्य वर्य गुरुवर विशदं मुनीन्द्रः।।5।।

ॐ ह्रूं आचार्य श्री विशदसागराय मुनीन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्ताय जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्व. स्वाहा।

यद्दर्श नाम तपतः सद्भक्त लोके।
पापं प्रयाति विलयं क्षण मात्रतो हि।।
सूर्योदये सति यथा तिमिरस् तथास्तं।
वंदामि भव्य सुखदं विशदं मुनीन्द्रं।।

पुष्पांजलिं क्षिपेत्

आचार्य विशद सागर जी महाराज की आरती

(तर्ज : माई री मुंडेर पर तेरे बोल रहा कागा....।)

जय-जय गुरुवर भक्त पुकारे, आरति मंगल गावे।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।
गुरुवर के चरणों में नमन्....4 मुनिवर के .....

ग्राम कूपी में जन्म लिया है, धन्य है इन्दर माता।
नाथूराम जी पिता आपके, छोड़ा जग से नाता।।
सत्य अहिंसा महाव्रती की....2, महिमा कहीं न जाये।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।
गुरुवर के चरणों में नमन्....4 मुनिवर के.....

सूरज सा है तेज आपका, नाम रमेश बताया।
बीता बचपन आयी जवानी, जग से मन अकुलाया।।
जग की माया को लखकर के....2, मन वैराग्य समावे।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।
गुरुवर के चरणों में नमन्....4 मुनिवर के.....

जैन मुनि की दीक्षा लेकर, करते निज उद्धारा।
विशद सिंधु है नाम आपका, विशद मोक्ष का द्वारा।।
गुरु की भक्ति करने वाला.....2, उभय लोक सुख पावे।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।
गुरुवर के चरणों में नमन्....4 मुनिवर के.....

धन्य है जीवन, धन्य है तन-मन, गुरुवर यहाँ पधारे।
सगे स्वजन सब छोड़ दिये हैं, आतम रहे निहारे।।
आशीर्वाद हमें दो स्वामी.....2, अनुगामी बन जायें।
करके आरती विशद गुरु की, जन्म सफल हो जावे।।
गुरुवर के चरणों में नमन्....4 मुनिवर के.....

कल्याण मंदिर स्तोत्र पूजा

स्थापना

कुमुद चन्द्र आचार्य प्रवर जी, किए पार्श्व जिन का गुणगान।
हुआ प्रसिद्ध लोक में पावन, कल्याण मंदिर स्तोत्र महान॥
जिनकी अर्चा करने को हम, करते यह स्तोत्र विधान।
हृदय कमल में पार्श्व प्रभू का, विशद भाव से है आह्वान॥

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्र व्रताराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र!
अत्र अवतर-अवतर संवौषट आह्वाननं।
अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
अत्र मम सन्निहितौ भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

(शम्भू छन्द)

भोगों में लीन रहे प्रभुवर, इसमें ही सदा लुभाए हैं।
भौतिक पदार्थ में सुख माना, वह पाकर के हर्षाए हैं॥
कल्याण मंदिर स्तोत्र के द्वारा, प्रभु के गुण हम गाते हैं।
पार्श्व प्रभु की अर्चा करके, पद में शीश झुकाते हैं॥

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं नि. स्वाहा।

सन्तप्त हृदय मेरा प्रभुवर, चन्दन से ना शीतल होता।
हम नित्य कषाए करते हैं, पछताते औ जीवन खोता॥
कल्याण मंदिर स्तोत्र के द्वारा, प्रभु के गुण हम गाते हैं।
पार्श्व प्रभु की अर्चा करके, पद में शीश झुकाते हैं॥

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय संसार ताप विनाशनाय चन्दनं नि. स्वाहा।

प्रभु बाह्याभ्यान्तर शुद्ध रहें, अक्षत सम गुण प्रभु तेरे हैं।
हम भटक रहे चारों गति में, ना मिटे जगत के फेरे हैं॥

कल्याण मंदिर स्तोत्र के द्वारा, प्रभु के गुण हम गाते हैं।
पार्श्व प्रभु की अर्चा करके, पद में शीश झुकाते हैं॥

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अक्षय पद प्राप्ताय अक्षतान नि. स्वाहा।

उपवन के पुष्प रहे अनुपम, ना पुष्प आपसा कोई है।
अफसोस है ज्ञानी यह आतम, फिर भी अनादि से सोई है॥
कल्याण मंदिर स्तोत्र के द्वारा, प्रभु के गुण हम गाते हैं।
पार्श्व प्रभु की अर्चा करके, पद में शीश झुकाते हैं॥

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं नि. स्वाहा।

नाना व्यंजन खाये हमने, फिर भी मन में ना शांति हुई।
चेतन को भोजन दिया नहीं, जिससे जीवन में भ्रान्ति हुई॥
कल्याण मंदिर स्तोत्र के द्वारा, प्रभु के गुण हम गाते हैं।
पार्श्व प्रभु की अर्चा करके, पद में शीश झुकाते हैं॥

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं नि. स्वाहा।

दीपक जग का तम खोता है, आतम का तम ना मिटता है।
अन्तर में जले ज्ञान दीपक, कर्मों का राजा पिटता है॥
कल्याण मंदिर स्तोत्र के द्वारा, प्रभु के गुण हम गाते हैं।
पार्श्व प्रभु की अर्चा करके, पद में शीश झुकाते हैं॥

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं नि. स्वाहा।

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्म दहनाय धूपं नि. स्वाहा।

आँधी कर्मों की चले विशद, पुरुषार्थ हीन हो जाता है।
जो ध्यान करे निज आतम का, वह मोक्ष महाफल पाता है॥
कल्याण मंदिर स्तोत्र के द्वारा, प्रभु के गुण हम गाते हैं।
पार्श्व प्रभु की अर्चा करके, पद में शीश झुकाते हैं॥

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफल प्राप्तये फलं नि. स्वाहा।

पथ मिले हमें बाधाओं के, अब दूर करें वे बाधाएँ।
जग की उलझन में उलझ रहे, सब छोड़ विशद मुक्ती पाएँ॥
कल्याण मंदिर स्तोत्र के द्वारा, प्रभु के गुण हम गाते हैं।
पार्श्व प्रभु की अर्चा करके, पद में शीश झुकाते हैं॥

ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्यं नि. स्वाहा।

दोहा- कल्याण मंदिर स्तोत्र का, किया यहा गुणगान।
यही भावना है विशद, पाएँ शिव सोपान॥

(शान्तये शान्तिधारा)

दोहा- पार्श्वनाथ भगवान की, महिमा अपरम्पार।
भक्ती के फल से सभी, पाएँ सौख्य अपार॥

(पुष्पाञ्जलि क्षिपेत)

कल्याण मंदिर विधान की अर्घावली

दोहा- कल्याण मंदिर स्तोत्र यह, पूजा करें विधान।
भाव सहित जो भी करें, पावे जग सम्मान॥

(मण्डलस्योपरि पुष्पाञ्जलि क्षिपेत)

(चौपाई)

हे कल्याण धाम गुणगान, भव सर तारक पाते महान।
शिव मंदिर अघहारक नाम, पार्श्वनाथ के चरण प्रणाम॥ १॥

ॐ ह्रीं भव समुद्र तरणे पोतायमान कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथाय नमः अर्घ्यं नि. स्वाहा।

दोहा- कल्याण मंदिर स्तोत्र के, चढ़ा रहे हैं अर्घ्य।
पुष्पाञ्जलि की पूजते, पाने स्व पद अनर्घ्य॥

(अथ मण्डलस्योपरि पुष्पाञ्जलि क्षिपेत)

(चौपाई)

हे कल्याण धाम गुणगान, भव सर तारक पाते महान।
शिव मंदिर अघहारक नाम, पार्श्वनाथ के चरण प्रणाम॥ १॥

ॐ ह्रीं भव समुद्र तरणे पोतायमान कल्याण मंदिर स्तोत्राराध्य श्री पार्श्वनाथाय नमः अर्घ्यं नि. स्वाहा।

सागर सम है गौरववान, सुर गुरु न कर सके बखान।
भंजन किया कमठ का मान, तब करता प्रभु मैं गुणगान॥ २॥
तव स्वरूप प्रभु अगम अपार, मंदबुद्धि न पावे पार।
प्रखर सूर्य ज्यो आभावान, उल्लू देख सके न आन॥ ३॥
मोह की भी हो जाए हान, कह पावें तब को गुणगान।
जल सागर से भी बह जाय, प्रकट रत्न भी को गिन पाय॥ ४॥
तुम गुण रत्नों के आगार, मैं मतिहीन बुद्धि अनुसार।
ज्यो बालक निज बॉह पसार, उद्यत करने सागर पार॥ ५॥
तव गुण गाने को लाचार, योगिजन भी माने हार।
ज्यो पक्षी बोले निज बान, त्यों करते हम तव गुणगान॥ ६॥
तब महिमा जिन अगम अपार, नाम एक जग जन आधार।
पवन पद्म सरवर से आय, ग्रीष्म तपन को पूर्ण नशाय॥ ७॥
मन से ध्यायें जिन अर्हन्त, कर्म बन्ध हो शिथिल तुरन्त।
बोले ज्यो चन्दन तरु मोर, नाग डरे भागे चहुँ ओर॥ ८॥

पूर्णार्घ्यं

दोहा- अष्टम वसुधा प्राप्त हो, हमको हे भगवान।
अष्ट द्रव्य के अर्घ्य से, करते हम गुणगाान॥

ॐ ह्रीं अष्ट दल कमलाधिपतये श्री पार्श्वनाथाय पूर्णार्घ्यं नि. स्वाहा।

जिन दर्शन यों विपद नशाय, सूर्योदय से तम नश जाय।
निशि में पशु ज्यसों घेरें चोर, देख ग्वाल को भागें चोर॥ ९॥
भविजन तारक आप जिनेश, भवि जीवों के लिए विशेष।
मसक कराए सिन्धु पार, त्यों जन करते जिन उद्धार॥ १०॥
काम से ज्यों हारे सब देव, विजय आप कीन्हे जिनदेव।
जल अग्नि का करे दे विनाश, बड़वानल फिर करें विनाश॥ ११॥
गुणानन्त है को गिन पाय, तुलना किसी से ना हो पाय।
प्रभु की महिमा अगम अपार, हृदय धरे पाए भव पार॥ १२॥
प्रथम किए प्रभु क्रोध विनाश, कर्म किए फिर कैसे नाश।
बर्फ वृक्ष को ज्यों झलसाय, शत्रु क्षमा से जीता जाय॥ १३॥
श्रेष्ठ महर्षि महिमा गासय, हृदय में अन्वेषण कर ध्याय।
बीज कर्णिका में उपजाय, हृदय में निज आतम को ध्याय॥ १४॥
ज्यों अग्नि में जल पाषाण, स्वर्ण रूपता पाय महान।
त्यों प्रभु का करके भवि ध्यान, पाए वीतराग विज्ञान॥ १५॥
बिठा देह में प्रभु को ध्याय, फिर तन को क्यों नाश कराय।
विग्रह जीव का रहा स्वभाव, सत्पुरुषों का है यह भाव॥ १६॥
हो अभेद प्रभु का कर ध्यान, योगी होवे प्रभु समान।
अमृत मान नीर का पान, कर क्यों होय ना रोग निदान॥ १७॥
माने हरिहर ब्रह्मा रूप, अज्ञानी जिन का स्वरूप।
हुआ पोलिया रोग समान, शंख पीत दीखे यह मान॥ १८॥

होय देशना प्रभु के पास, तरु अशोक का शोक विनाश।
प्रातः होते ही तरु बोध, निद्रा तज ज्यों पाए विबोध॥ १९॥
पुष्प वृष्टि करते हैं देव, ऊर्ध्व पाँखुरी रहे सदैव।
डण्ठल कहे ये प्रभु के पास, आते हो कर्मों का नाश॥ २०॥
दिव्य ध्वनि प्रभु की गम्भीर, सुधा समान हरे भव पीर।
आकुलता का करे विनाश, अक्षय सौख्य दिलाए खास॥ २१॥
चौसठ चंवर ढुराते देव, विनय शील हो झुके सदैव।
विनयशील जो करे प्रणाम, प्राप्त करे वो मुक्ति धाम॥ २२॥
सिंहासन पर श्री जिनेश, दिव्य ध्वनि प्रगटाए विशेष।
जयो मेरू पे मेघ समान, हर्षित मोर करे गुणगाान॥ २३॥
भामण्डल है आभावान, प्रभा दिखाए श्रेष्ठ महान।
भव्य जीव जो जिन के पास, आके पाए मोक्ष निवास॥ २४॥

पूर्णार्घ्यं

दोहा- सोलह कारण भावना, भा बनते तीर्थेश।
वह पद पाने हम यहाँ, देते अर्घ्य विशेष॥

ॐ ह्रीं षोडशतल कमलाधिपतये श्री पार्श्वनाथाय पूर्णार्घ्यं नि. स्वाहा।

देवों से हो दुन्दुभि नाद, मानों कहे तजो उन्माद।
मुक्ति की मन में जो चाह, जिन पद करो विशद अवगाह॥ २५॥
त्रिभुवन पति के सिर हैं तीन, छत्र कहे हे ज्ञान प्रवीण।
तीन रूप ज्यों चाँद दिखाय, खुश हो प्रभु सेवा को आय॥ २६॥
स्वर्ण रजत माणिक के (कोट) साल, प्रभु का वैभव रहा विशाल।
तेज कांतिमय प्रभु यशवान, समवशरण शुभ रहा महान॥ २७॥
इन्द्रों के मुकुटों की माल, जिन पद झुकते गिरे विशाल।
मानो जिन पद में जो आय, चरणों छोड़ फिर कहीं ना जाय॥ २८॥

गहन जलाशय को भी पाय, घड़ा अधोमुख पार कराय।
संत विमुख भव सिन्धु से जन, भव तारक हैं पोत महान॥ २९॥
त्रिभुवन पति निर्धन कहलाय, अक्षर कोई लिख ना पाय।
है त्रिकाल ज्ञाता अज्ञान, ज्ञाता सर्व चराचर जान॥ ३०॥
कमठ गगन से धूल गिराय, प्रभु तन को जो छू ना पाय।
तिरस्कार की दृष्टिवान, कर्म बन्ध जो किया महान॥ ३१॥
मेघ गरज बिजली चमकाय, जल वृष्टि जो भीम कराय।
प्रभु का कुछ भी ना कर पाय, निज पद में जो खड्ग गिराय॥ ३२॥
नूर मुण्डन की धारी माल, बदन से निकले अग्नि ज्वाल।
प्रेतादिक तप करने भंग, भेज कर्म का पाया बंध॥ ३३॥
हर्षभाव से जिन पद जाय, माया तज त्रय काल में आय।
विधिवत अर्चा करे कराय, भव-भव के वह कर्म नशाय॥ ३४॥
भव-भव के दुख सहे विशेष, नाम सुना ना कभी जिनशे।
मंत्र बोल सुनता जो नाम, विपद नाश हो पाए ध्रुव धाम॥ ३५॥
पूजा वांछित फल दातार, की ना आए प्रभु के द्वार।
सहा हृदय भेदी अपमान, शरण आय पाए सम्मान॥ ३६॥
मोहाच्छदित रहे विशेष, देख सके ना तुम्हे जिनेश।
मर्म भेदि कुवचन हे देव, पर संगति से सहे सदैव॥ ३७॥
अर्चा पूजा की (तव) पद आन, हृदय धरेना किन्तु पुमान।
भाव शून्य भक्ति कर देवा, फलदायी ना रही सदैव॥ ३८॥
शरणागत जन दीनदयाल, पतितोद्धारक हे प्रतिपाल।
झुका रह तव पद में शीश, दूर करो दुख दो आशीष॥ ३९॥
अशरण शरण जगत प्रतिपाल, गुणानन्त धर दीनदयाल।
तव पद में रह किया ना ध्यान, सहे कर्म धन घात महान॥ ४०॥

सुर वन्दित हे दया निधान, जग तारक जगपति भगवान।
दुखियों का करते उद्धार, दुख सिन्धु से कर दो पार॥ ४१॥
किन्चित पुण्य से भक्ति जिनेश, हे प्रतिपालक पाई विशेष।
भव-भव में मेरे भगवान, भक्त बनें आदर्श महान॥ ४२॥
हे जिन! सद्बुद्धि धर आन, दर्श करें खुश हो भगवान।
संस्तव कर सुविधि युत मान, वे पावे सुर पद निर्वाण॥ ४३॥
जन मनरंजक हे कुमुदेश, सुर पद हेतु स्वर्ग प्रवेश।
किन्चित काल भोग (नर-नाथ) भूपेश, कर्म नाश हो 'विशद' जिनेश॥ ४४॥

पूर्णार्घ्यं

दोहा- विशंति दल पूजा करे, पाने शिव सोपान।
अष्ट द्रव्य का अर्घ्य ले करते हम गुणगान॥

ॐ ह्रीं विशंति दल कमलाधिपतये श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय नमः पूर्णार्घ्यं नि. स्वाहा।

जाप्य- ॐ ह्रीं कल्याण मंदिर स्तोत्रराध्य श्री पार्श्वनाथय जिनेन्द्राय नमः।

समुच्चय जयमाला